Roll No.----------------------

| Paper Code | | |
|---|---|---|
| 3 | 0 | 0 |

(To be filled in the OMR Sheet)

प्रश्नपुस्तिका क्रमांक
Question Booklet No.

O.M.R. Serial No.

प्रश्नपुस्तिका सीरीज
Question Booklet Series
**A**

# LL.B (Fifth Semester) Examination, July-2022

# (LL.B507)

## Human Right Law & Practice

(For Regular/Ex/Back Paper)

**Time : 1:30 Hours** **Maximum Marks-100**

**जब तक कहा न जाय, इस प्रश्नपुस्तिका को न खोलें**

**निर्देश :** –
1. परीक्षार्थी अपने अनुक्रमांक, विषय एवं प्रश्नपुस्तिका की सीरीज का विवरण यथास्थान सही– सही भरें, अन्यथा मूल्यांकन में किसी भी प्रकार की विसंगति की दशा में उसकी जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी।
2. **इस प्रश्नपुस्तिका में 100 प्रश्न हैं, जिनमे से केवल 75 प्रश्नों के उत्तर परीक्षार्थियों द्वारा दिये जाने है। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिये गये हैं। इन चारों में से केवल एक ही उत्तर सही है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, अपने उत्तर पत्रक (O.M.R. ANSWER SHEET) में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले या नीले बाल प्वांइट पेन से पूरा भर दें। यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा किसी प्रश्न का एक से अधिक उत्तर दिया जाता है, तो उसे गलत उत्तर माना जायेगा।**
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आप के जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।
4. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर ही दिये जाने हैं। उत्तर पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।
5. ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाय।
6. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी ओ०एम०आर० शीट उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें।
7. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

**K-300**

महत्वपूर्ण : – **प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जॉच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभॉति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्ष निरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**

**Rough Work / रफ कार्य**

1. The term 'Human Right' cannot be universally defined because :

(A) It is a generic term

(B) It includes civil, political economic, social and cultural rights of individuals

(C) Owing to difference in legal system of various states, social, economic and cultural variations a uniform definition of human rights difficult to make

(D) All the above are correct

1. 'मानव अधिकार' की सार्वभौमिक परिभाषा नहीं दी जा सकती क्योंकि :

(A) यह एक सामान्य शब्द है

(B) इसके अन्तर्गत व्यक्तियों के सिविल, राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक अधिकार सम्मिलित होते हैं

(C) विभिन्न राज्यों/राष्ट्रों के विधिक व्यवस्था सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक क्षेत्रों की पृष्ठभूमि में अंतर होने के कारण मानव अधिकार को परिभाषित करना दुष्कर होता है

(D) उपरोक्त सभी सही है

2. Which among the following is not a synonymn for Human Right ?

(A) Inherent Right

(B) Natural Right

(C) Legal Right

(D) Birth Right

2. निम्न में से कौन मानव अधिकार शब्द का पर्यायवाची नहीं है ?

(A) अन्तर्निहित अधिकार

(B) नैसर्गिक अधिकार

(C) विधिक अधिकार

(D) जन्म अधिकार

3. As a general rule all rights can be classified as Human Rights which are :

(A) Essential for maintaining human dignity

(B) Available to person by virtue of their being born as human being irrespective of religion, race, caste sex or their nationality

(C) Essential for human existence and upliftment

(D) All the above are correct

3. सामान्य रूप से उन सभी अधिकारों को मानव अधिकार कहेंगे जो :

(A) मानव गरिमा को बनाये रखने के लिए आवश्यक हो

(B) व्यक्तियों को मात्र उनके मानव जन्म के आधार पर प्राप्त है बिना धर्म, वंश, जाति, लिंग अथवा राष्ट्रीयता का संज्ञान लेते हुए

(C) मानव अस्तित्व एवं उत्थान के लिए अति आवश्यक होते हैं

(D) उपरोक्त सभी सही हैं

4. The Universal Declaration of Human Rights was adopted on :
   (A) 10th December, 1948
   (B) 11th December, 1948
   (C) 31st December, 1948
   (D) 10th November, 1948

4. "मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा" को अपनाया गया था :
   (A) 10 दिसम्बर, 1948 को
   (B) 11 दिसम्बर, 1948 को
   (C) 31 दिसम्बर, 1948 को
   (D) 10 नवम्बर, 1948 को

5. "Human Rights are those minimum rights which every individual must have against the states or other. Public authority by virtue of being a member of human family, irrespective of any other considerations. The statement is attributable to :
   (A) Justice P.N. Bhagwati
   (B) Prof. D.D. Basu
   (C) Dr. H.O. Agrawal
   (D) Justice V.R. Krishna Iyer

5. "मानव अधिकार वे न्यूनतम अधिकार हैं, जिन्हें प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी अन्य विचारण के, मानव परिवार का सदस्य होने के फलस्वरूप राज्य या अन्य लोक प्राधिकारी के विरूद्ध धारण करना चाहिए"। यह कथन है :
   (A) जस्टिस पी० एन० भगवती का
   (B) प्रोफेसर डी० डी० बसु का
   (C) डॉ० एच० ओ० अग्रवाल का
   (D) जस्टिस वी० आर० कृष्ण अय्यर का

6. Human Rights are :
   (A) Indivisible
   (B) Interdependent
   (C) Inherent in all human beings
   (D) All the above are true

6. मानव अधिकार होते हैं :
   (A) अविभाज्य
   (B) अन्योन्याश्रित
   (C) सभी मनुष्यों में अन्तर्निहित
   (D) उपरोक्त सभी सही है

7. Right to privacy is a right related to :
   (A) Civil and Political Rights
   (B) Life and Personal Liberty
   (C) Cultural Right
   (D) Both (A) and (B) are true

7. 'एकान्तता का अधिकार' ऐसा अधिकार जो संबंधित है :
   (A) सिविल एवं राजनैतिक अधिकारों से
   (B) जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता से
   (C) सांस्कृतिक अधिकार से
   (D) दोनों (A) और (B) सही हैं

8. Which among the following is not a Political Right ?

(A) Right to vote

(B) Right to get elected in organizing elections

(C) Right to development

(D) Direct participation in public activities

8. निम्न में से कौन राजनैतिक अधिकार नहीं है?

(A) मत देने का अधिकार

(B) सामयिक निर्वाचनों में निर्वाचित होने का अधिकार

(C) विकास का अधिकार

(D) लोक कार्यों में प्रत्यक्षतः भाग लेना

9. Civil and Political Rights are :

(A) First Generation Rights

(B) Negative Rights

(C) Both (A) and (B) are true

(D) Either (A) or (B) is true

9. सिविल एवं राजनैतिक अधिकार हैं :

(A) प्रथम पीढ़ी के अधिकार

(B) नकारात्मक अधिकार

(C) (A) और (B) दोनों सही हैं

(D) या तो (A) अथवा (B) सही हैं

10. Economic and Cultural Rights are:

(A) First Generation Rights

(B) Second Generation Rights

(C) Third Generation Rights

(D) None of the above

10. आर्थिक एवं सांस्कृतिक अधिकार हैं :

(A) प्रथम पीढ़ी के अधिकार

(B) द्वितीय पीढ़ी के अधिकार

(C) तृतीय पीढ़ी के अधिकार

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

11. Collective Bargaining is a :

(A) Third Generation Right

(B) First Generation Right

(C) Second Generation Right

(D) Both First and Second Generation Right

11. सामूहिक सौदेबाजी है :

(A) तृतीय पीढ़ी के अधिकार

(B) प्रथम पीढ़ी के अधिकार

(C) द्वितीय पीढ़ी के अधिकार

(D) प्रथम तथा द्वितीय पीढ़ी दोनों का अधिकार

12. The sources of International Human Rights Law are :
(A) Treaties and Customs
(B) Judicial Decisions
(C) Official Documentations
(D) All the above

13. Which one of the following categories of fundamental rights incorporates 'Abolition of untouchability ?
(A) Right to equality
(B) Right against exploitation
(C) Right to freedom
(D) Right to religion

14. The concept of Third Generation Human Rights was introduced by :
(A) John Finnis
(B) Bentham
(C) Karel Vasak
(D) John Rawls

15. "The Universal Declaration of Human Right's" was adopted under the Chairmanship of ?
(A) Eleanor Roosevelt
(B) Winston Churchill
(C) Jawahar Lal Nehru
(D) Abraham Lincoln

12. अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार विधि के श्रोत हैं :
(A) संधियाँ तथा रूढ़ियाँ
(B) न्यायिक निर्णय
(C) शासकीय अभिलेख
(D) उपरोक्त सभी

13. 'अस्पृश्यता के उन्मूलन' से संबंधित मूलभूत अधिकारों की श्रेणी है :
(A) समता के अधिकार की
(B) शोषण के विरूद्ध अधिकार की
(C) स्वतंत्रता के अधिकार की
(D) धर्म के अधिकार की

14. 'तृतीय पीढ़ी के अधिकारों' की संकल्पना दी गई थी :
(A) जॉन फिन्निस द्वारा
(B) बेन्थम द्वारा
(C) केरल वासाक द्वारा
(D) जॉन रॉल्स द्वारा

15. "मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा" का किसकी अध्यक्षता में अपनाया गया था ?
(A) ऐलेनॉर रूजवेल्ट
(B) विन्सटन चर्चिल
(C) जवाहरलाल नेहरू
(D) अब्राहम लिंकन

16. The Universal declaration of Human Rights is applicable to :
(A) Every individual, regardless of religion, race, gender or cultural background
(B) Citizens of UN member countries
(C) Developed Nations who are members of U.N.
(D) None of the above

16. मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा लागू होती है :
(A) प्रत्येक मनुष्य पर, बिना धर्म, वंश, लिंग अथवा सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को संज्ञान में लिए
(B) संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के नागरिकों पर
(C) विकसित राष्ट्रों पर जो संयुक्त राष्ट्र के सदस्य हैं
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

17. Total number of articles in Universal declaration of Human Rights are :
(A) 18
(B) 20
(C) 25
(D) 30

17. 'मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा' में कुल अनुच्छेदों की संख्या है :
(A) 18
(B) 20
(C) 25
(D) 30

18. The country which is signatory to the 'Declaration of the Rights of man and of the citizen is :
(A) India
(B) France
(C) Italy
(D) None of the above

18. वह राष्ट्र जिसने ''मानव के अधिकार तथा नागरिकों के अधिकार घोषणा'' पर हस्ताक्षर किये हैं :
(A) भारत
(B) फ्रांस
(C) इटली
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

19. The provisions of Universal declaration of Human Rights are :
(A) Binding on states
(B) Not binding on states
(C) The provisions when made were not intented to create legal compulsion in states
(D) Both (B) and (C) are correct

19. मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा के प्रावधान होते है:
(A) राज्यों पर बाध्यकारी
(B) राज्यों पर गैर–बाध्यकारी
(C) जब प्रावधानों को बनाया गया था तब यह मंशा नहीं रखी गयी थी कि वे राज्यों पर विधिक बाध्यता अधिरोपित करें
(D) (B) और (C) दोनों सही हैं

20. The Articles 2 to 21 of the Universal Declaration of Human Rights are related to :
(A) Social, Cultural and Economic Rights
(B) Civil and Political Rights
(C) Only with cultural Rights
(D) Only with political Rights

20. "मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा" के अनुच्छेद 2 से अनुच्छेद 21 तक संबंधित है :
(A) सामाजिक, सांस्कृतिक तथा आर्थिक अधिकारों से
(B) सिविल एवं राजनैतिक अधिकारों से
(C) केवल सांस्कृतिक अधिकारों से
(D) केवल राजनैतिक अधिकरों से

21. The protection of Human Rights Act in India was enacted in the year :
(A) 1994
(B) 1995
(C) 1993
(D) 1998

21. 'मानवाधिकार सरंक्षण अधिनियम' भारत में जिस वर्ष में अधिनियमित हुआ था, वह है :
(A) 1994
(B) 1995
(C) 1993
(D) 1998

22. The definition of 'Human Rights' is given in which section of the protection of Human Rights Act, 1993 :
(A) Section 2 (d)
(B) Section 3
(C) Section 5
(D) Section 7

22. 'मानव–अधिकार' की परिभाषा मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की किस धारा में दी गई है :
(A) धारा 2 (द)
(B) धारा 3
(C) धारा 5
(D) धारा 7

23. Which among the following is not included in the definition of Human Right as given in the Protection of Human Rights Act, 1993 ?

(A) Liberty

(B) Equality

(C) Dignity of the individual

(D) Fraternity

23. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 में 'मानव अधिकार' की परिभाषा में निम्न में से कौन सम्मिलित नहीं है ?

(A) स्वतंत्रता

(B) समानता

(C) व्यक्ति की गरिमा

(D) भ्रातत्व

24. The International Covenant on Civil and Political Rights was adopted by the U.N. General Assembly on the date :

(A) 10 December 1966

(B) 16 December 1966

(C) 20 December 1966

(D) 26 December 1966

24. 'सिविल तथा राजनैतिक अधिकारों पर अन्तर्राष्ट्रीय प्रसंविदा' संयुक्त राष्ट्र आम सभा द्वारा जिस तिथि पर स्वीकार किया था, वह है:

(A) 10 दिसम्बर 1966

(B) 16 दिसम्बर 1966

(C) 20 दिसम्बर 1966

(D) 26 दिसम्बर 1966

25. The International Bill on Human Rights Comprises of :

(A) The Two International Covenants

(B) Universal Declaration of Human Rights

(C) Optional Protocols

(D) All the above

25. मानवाधिकारों के अंतर्राष्ट्रीय विधेयक में सम्मिलित है :

(A) दोनों अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदाएं

(B) मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा

(C) वैकल्पिक प्रोटोकॉल

(D) उपरोक्त सभी

26. The II$^{nd}$ Protocol to International Covenant on Civil and Political liberties aims at :

(A) Abolition of forced Labour

(B) Abolition of death Penalty

(C) Abolition of Untouchability

(D) Abolition of Apartheid

26. सिविल एवं राजनैतिक अधिकारों के अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा का द्वितीय प्रोटोकॉल का उद्देश्य है:

(A) बलात् श्रम की समाप्ति

(B) मृत्यु दण्ड की समाप्ति

(C) अश्पृश्यता की समाप्ति

(D) नस्लवाद की समाप्ति

27. "All Human Right for all" was the slogan adopted on which anniversary of the 'Universal Declaration of Human Rights' ?

(A) 40th
(B) 50th
(C) 30th
(D) 38th

27. 'मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा' की वर्षगाँठ पर यह नारा "सभी मानवाधिकार सभी के लिए" दिया गया था ?

(A) 40वीं
(B) 50वीं
(C) 30वीं
(D) 38वीं

28. Which section of the Protection of Human Right Act 1993 provide for constitution of National Human Rights Commission in India ?

(A) Section 4
(B) Section 3
(C) Section 5
(D) Section 2

28. मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 की कौन सी धारा भारत में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के गठन के लिए प्रावधान करती है ?

(A) धारा 4
(B) धारा 3
(C) धारा 5
(D) धारा 2

29. National Human Rights Commission and States Human Rights Commission have been established in India :

(A) To inquire into case of violation of Human Rights
(B) Commissions can suo moto or on application petition of aggrieved person or any person on his behalf can do inquiry
(C) Both (A) and (B) are true
(D) Both (A) and (B) are partially true

29. भारत में राष्ट्रीय तथा राज्य मानवाधिकार आयोग की स्थापना की गई है इस उद्देश्य से :

(A) मानवाधिकारों के उल्लंघन के मामलों की वे जांच करें
(B) आयोग जाँच स्व प्रेरणा से अथवा पीड़ित व्यक्ति अथवा उसकी तरफ किसी अन्य व्यक्ति के प्रार्थना–याचिका पर जाँच करेगा
(C) (A) और (B) दोनों सत्य है
(D) (A) और (B) आँशिक रूप से सत्य है

30. Human Rights Protection of the global level has received momentum from the tenets of natural Law and accordingly :

(A) For world peace and harmony basic freedoms and rights have been given to all

(B) Govt's all over the world are creating conditions for distributive and correctives justice

(C) Courts follow Human Rights jurisprudence

(D) All the above are true

30. वैश्विक स्तर पर मानवाधिकार संरक्षण को नैसर्गिक विधि के विशिष्टताओं से बल मिला है और परिणामस्वरूप :

(A) विश्व शांति एवं सौहार्द हेतु मूलभूत स्वतंत्रायें एवं अधिकार सभी को दिये गये हैं

(B) हर देश की सरकारें वितरणात्मक तथा सुधारात्मक की परिस्थितियों का निर्माण कर रही हैं

(C) न्यायालय जो मानवाधिकार संबंधी विधिशास्त्र का अनुसरण कर रहे हैं

(D) उपरोक्त सभी सत्य हैं

31. Reconciliation of Natural Law with doctrine of reasons greatly aided :

(A) Protection and promotion of civil liberties

(B) Forced the independent Nations to give individual freedoms liberties and rights

(C) Grotius and Christian wolf were strong advocates for above approach

(D) All the above are correct

31. नैसर्गिक विचारधारा का चेतना के सिद्धांत से मेल होने पर अभिवृद्धि हुई :

(A) नागरिक स्वतंत्रताओं के संरक्षण और अभिवर्धन में

(B) स्वतंत्र राष्ट्र नागरिकों को स्वतंत्रायें तथा अधिकार देने के लिए बाध्य हो गये

(C) ग्रोटियस तथा क्रिशचयन वुल्फ उपरोक्त तरीके के प्रबल समर्थक थे

(D) उपरोक्त सभी सही हैं

32. Point out the incorrect option :

(A) Natural Rights and Human Right are same

(B) Natural Rights exist independent of Government acknowledgement

(C) Human Rights are Government acknowledgement what rights their citizens should have

(D) Natural and Human Rights differ slightly

32. गलत विकल्प को इंगित करें :

(A) नैसर्गिक अधिकार तथा मानव अधिकार एक ही है

(B) नैसर्गिक अधिकार विद्यमान रहते हैं सरकार की अभिस्वीकृति से स्वतंत्र रहते हुए

(C) मानव अधिकार सरकार की अभिस्वीकृति के परिणाम स्वरूप विद्यमान होते हैं और सरकार नागरिकों के मानव अधिकार को स्वीकृति देती है

(D) नैसर्गिक और मानव अधिकार न्यून मात्रा में भिन्न होते हैं

33. Right to life is a natural human right and by virtue of birth one is entitled to it and not because constitutional or laws incorporate it in its provisions. This dissenting Minority view as expressed in the Case of A.D.M. Jabalpore Vs Shivakant Shukla by :

(A) Justice H.R. Khanna

(B) Justice P.N. Bhagawati

(C) Justice Y.V. Chandrachud

(D) None of the above

33. 'जीवन का अधिकार एक नैसर्गिक मानव अधिकार जो जन्म से प्राप्त होता है न कि संविधान अथवा विधियों के प्रावधानों द्वारा' यह विरोधी अल्पमत ए० डी० एम० जबलपुर बनाम शिवाकांत शुक्ला के वाद में दिया गया था :

(A) न्यायाधीश एच० आर० खन्ना द्वारा

(B) न्यायाधीश पी० एन० भगवती द्वारा

(C) न्यायाधीश वाई० वी० चन्द्रचूड़ द्वारा

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

34. In India Right to Die is a :

(A) Fundamental right

(B) Legal right

(C) Neither fundamental Right nor a legal right

(D) Both (A) and (B) are correct

34. भारत में मरने का अधिकार है :

(A) मूलभूत अधिकार

(B) विधिक अधिकार

(C) न ही मूलभूत अधिकार और न ही विधिक अधिकार

(D) (A) और (B) दोनों सही हैं

35. According to Internative covenant on Civil and Political Rights during public or National Emergency States signatory to the covenant are permitted to :

(A) Take measures in derogation of covenant obligations

(B) Such measures should be appropriate to the situational damarcs and not excessive

(C) Right to life cannot be arbitrarily deferred during such emergency

(D) All the above are correct

35. अंतर्राष्ट्रीय सिविल तथा राजनैतिक प्रसंविदा के प्रावधानों के अनुसार लोक अथवा राष्ट्रीय आपात को स्थिति में प्रसंविदा हस्ताक्षर करने वाले राष्ट्रों को अधिकृत करती है :

(A) ऐसे कदम उठाये जो प्रसंविदा आभारों के विरूद्ध हों

(B) ऐसे कदम परिस्थितिजन्य समुचित हो और अत्यंत अधिक और कठोर न हो

(C) आपात के दौरान भी 'जीवन का अधिकार' स्वेच्छाचारिता द्वारा वंचित नहीं किया जा सकता

(D) उपरोक्त सभी सही हैं

36. The chairman of the National Human Rights Commission is appointed by the :

(A) President of India

(B) Prime Minister of India

(C) Chief Justice of India

(D) Law Minister of India

36. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति की जाती है :

(A) भारत के राष्ट्रपति द्वारा

(B) भारत के प्रधानमंत्री द्वारा

(C) भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा

(D) भारत के विधि मंत्री द्वारा

37. Any sitting Judge of Supreme Court or High Court can become member of National Human Rights Commission :

(A) After Consultation with Chief Justice of India

(B) Without Consultation with Chief Justice of India

(C) With Consultation of Union Law Minister

(D) With Consultation of Attorney General of India

37. उच्चतम अथवा उच्च न्यायालय का कोई आसीन न्यायाधीश राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का सदस्य नियुक्त हो सकता है :

(A) भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श करके

(B) बिना मुख्य न्यायाधीश से परामर्श किये

(C) संघ के विधिमंत्री से परामर्श कर

(D) भारत के अटार्नी जनरल से परामर्श कर

38. The member of National Human Rights Commission are appointed for a term of :

(A) 3 years

(B) 6 years

(C) 5 years

(D) 2 years

38. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्यों की नियुक्ति की जाती है :

(A) 3 वर्ष के लिए

(B) 6 वर्ष के लिए

(C) 5 वर्ष के लिए

(D) 2 वर्ष के लिए

39. The section of Protection of Human Rights Act 1993, dealing with removal of members National Human Right Commission is :

(A) Section 4

(B) Section 5

(C) Section 6

(D) Section 7

39. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्यों को हटाने से संबंधित अधिनियम 1993 की धारा है:

(A) धारा 4

(B) धारा 5

(C) धारा 6

(D) धारा 7

40. Section 8 of the Protection of Human Rights Act 1993 deals with:
(A) Conditions of service of the members of NHRC
(B) Conditions of eligibility of member of NHRC
(C) Re-appointment of member of NHRC
(D) All the above

40. मानव अधिकार सरंक्षण अधिनियम 1993 की धारा 8 संबंधति है :
(A) NHRC के सदस्यों की सेवा शर्तों से
(B) NHRC के सदस्यों की अहर्ता से
(C) NHRC के सदस्यों की पुनर्नियुक्ति से
(D) उपरोक्त सभी से

41. The Section of Protection of Human Rights Act 1993 which provides for the constitution of State Human Rights Commission is :
(A) Section 24
(B) Section 22
(C) Section 23
(D) Section 21

41. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 की धारा जो राज्य मानव अधिकार आयोगों के गठन का प्रावधान करती है वह है :
(A) धारा 24
(B) धारा 22
(C) धारा 23
(D) धारा 21

42. Section 12 of "The Protection of Human Rights Act, 1993 is related to :
(A) Human Rights Courts
(B) Functions of the National Human Rights Commission
(C) Investigation
(D) Inquiry into complaints

42. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 की धारा 12 संबंधित है :
(A) मानव अधिकार न्यायालयों से
(B) राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के कार्यों से
(C) अन्वेषण से
(D) शिकायतों को जाँच से

43. Child Rights are protected in which Article of International Covenant as Civil and Political Rights :
(A) Article 20
(B) Article 16
(C) Article 24
(D) Article 22

43. सिविल तथा राजनैतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा के किस अनुच्छेद में बच्चों के अधिकारों को संरक्षण प्राप्त है :
(A) अनुच्छेद 20 में
(B) अनुच्छेद 16 में
(C) अनुच्छेद 24 में
(D) अनुच्छेद 22 में

44. The Protection of Human Rights Act 1993 became operative from :
(A) 28 September 1993
(B) 01 April 1993
(C) 05 May 1993
(D) 01 March 1993

44. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 लागू हुआ :
(A) 28 सितम्बर 1993 से
(B) 01 अप्रैल 1993 से
(C) 05 मई 1993 से
(D) 01 मार्च 1993 से

45. The procedure related to complaints of Human Rights violation by Armed forces is provided in :
(A) Section 19 of the Protection of Human Rights Act 1993
(B) Section 20 of the Protection of Human Rights Act 1993
(C) Section 17 of the Protection of Human Rights Act 1993
(D) None of the above

45. सशस्त्र बलों द्वारा मानवाधिकारों के उल्लंघन को शिकायतों के संबंध में प्रक्रिया मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 की जिस धारा में है, वह है :
(A) धारा 19 मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993
(B) धारा 20 मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993
(C) धारा 17 मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

46. "The State Human Rights Commission shall not taken cognizance of Matters which do not fall in it its jurisdiction." This provisions is contained in which sections of protection of Human Rights Act 1993 :
(A) Section 37
(B) Section 36
(C) Section 38
(D) Section 39

46. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 की वह धारा जो प्रवाधानित करती है कि, "राज्य मानव अधिकार आयोग उन मामलों का संज्ञान नहीं लेगा जो उसकी अधिकारिता से बाहर है" वह है :
(A) धारा 37
(B) धारा 36
(C) धारा 38
(D) धारा 39

47. The power of remove difficulties coming in the way of implementing the provision of Protection of Human Rights Act, 1993 is contained in :
(A) Central Government
(B) State Government
(C) Supreme Court of India
(D) Chairman of National Human Rights Commission

47. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 के प्रावधानों को लागू करने में बाधाओं को निराकृत करने की शक्ति निहित है :
(A) केन्द्रीय सरकार से
(B) राज्य सरकार से
(C) उच्चतम न्यायालय में
(D) राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष में

48. Judicial activism signifies :

(A) Proactive role of judiciary in protecting the human rights of citizens

(B) Departure from traditional role of judiciary to limit itself to its jurisdiction

(C) Reflects failure of Executive and legislature to carry their functions

(D) All the above

48. न्यायिक सक्रियतावाद द्योतक है :

(A) न्यायपालिका की सक्रिय भूमिका को जो नागरिकों के मानव अधिकारों को संरक्षित करता है

(B) न्यायपालिका अपने रूढ़िगत कार्यों से विचलन का जब वह अपनी अधिकारिता तक सीमित रहती थी

(C) कार्यपालिका एवं विधायिका को अपने कर्त्तव्यों के प्रति विफल रहना

(D) उपरोक्त सभी सही हैं

49. In India the Power of Judicial activism is exercised by :

(A) Supreme court

(B) High court

(C) Both supreme Court and High Court

(D) All court in India

49. भारत में न्यायिक सक्रियतावाद की शक्ति का प्रयोग किया जाता है :

(A) उच्चतम न्यायालय द्वारा

(B) उच्च न्यायालय द्वारा

(C) उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालय दोनों द्वारा

(D) भारत के सभी न्यायालयों द्वारा

50. The basis of Power of Judicial activism lies in :

(A) Non challant attitude of legislature and Executive towards their assigned functions

(B) Public interest is supreme

(C) Superior Court are ultimate guardian of the rights of the citizens

(D) All the above

50. 'न्यायिक सक्रियतावाद' की शक्ति का आधार है :

(A) विधायिका और कार्यपालिका द्वारा अपने निर्धारित दायित्वों के प्रति उदासीनता

(B) जनहित सर्वोपरि होता है

(C) उच्चतर न्यायालय नागरिकों के अधिकारों के अंतिम संरक्षक होते हैं

(D) उपरोक्त सभी

51. The trend of Judicial Activism is of :

(A) Permanent nature
(B) Transitory nature
(C) When legislature and Executive restart their proper functioning, Judicial activism stops
(D) Both (B) and (C) are correct

51. न्यायिक सक्रियतावाद का चलन है :

(A) स्थायी प्रकृति का
(B) संक्रमणकालीन प्रकृति का
(C) जब विधायिका तथा कार्यपालिका पुनः अपने कार्यों का निर्वहन करने लगते हैं न्यायिक सक्रियतावाद खत्म हो जाता है
(D) दोनों (B) और (C) सही हैं

52. 'Judicial Activism' originated in from :

(A) United States of America
(B) England
(C) India
(D) France

52. 'न्यायिक सक्रियतावाद' की व्युत्पत्ति हुई :

(A) संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में
(B) इंग्लैण्ड में
(C) भारत में
(D) फ्रांस में

53. The foundation of Judicial Activism in India was laid down by :

(A) Justice V.R. Krishna Iyer
(B) Justice P.N. Bhagwati
(C) Justice D.A. Desai and Justice O. Chinappa Reddy
(D) All the above

53. भारत में न्यायिक सक्रियतावाद की नींव रखी गयी थी :

(A) जस्टिस वी० आर० कृष्ण अय्यर द्वारा
(B) जस्टिस पी० एन० भगवती द्वारा
(C) जस्टिस डी० ए० देसाई तथा जस्टिस ओ० चिन्नपा रेड्डी द्वारा
(D) उपरोक्त सभी

54. The term Judicial Activism was coined in 1947 by a :

(A) Sociologist
(B) Jurist
(C) Historian
(D) Journalist

54. 'न्यायिक संक्रियतावाद' की शब्दावली 1947 में दी गई थी एक :

(A) समाजशास्त्री द्वारा
(B) विधिशास्त्री द्वारा
(C) इतिहासकार द्वारा
(D) पत्रकार द्वारा

55. Judicial Activism is linked with power of :

(A) Superintendence
(B) Judicial Review
(C) Separation of Powers
(D) Supremacy of Judiciary

55. न्यायिक सक्रियतावाद किस शक्ति से संबंधित है :

(A) अधीक्षण शक्ति
(B) न्यायिक पुनर्विलोकन
(C) शक्ति पृथक्करण
(D) न्यायिक सर्वोच्चता से

56. The antithesis of 'Judicial Activism' is :

(A) Judicial Restraint
(B) Judicial Despotism
(C) Judicial Passivism
(D) Judicial Apathy

56. 'न्यायिक सक्रियतावाद' की विलोम संकल्पना है :

(A) न्यायिक संयम/नियंत्रण
(B) न्यायिक निरंकुशता
(C) न्यायिक निष्क्रियता
(D) न्यायिक उदासीनता

57. The offshoot concept of Judicial activism, which lead to many historic judgements in protection of human rights in India is :

(A) Right to Information Act
(B) Public Interest Litigation
(C) Establishment of Lok Adalat's
(D) None of the above

57. 'न्यायिक सक्रियतावाद' से निकली वह संकल्पना जिसके परिणामस्वरूप भारत में मानव अधिकारों के संरक्षण के कई ऐतिहासिक निर्णय आयें है :

(A) सूचना का अधिकार अधिनियम
(B) जनहित याचिका
(C) लोक अदालतों की स्थापना
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

58. Judicial Activism runs counter to principle of :

(A) Separation of powers
(B) Judicial restraints
(C) Legislative supremacy
(D) All the above

58. 'न्यायिक सक्रियतावाद' जिस सिद्धांत के विरूद्ध गतिशील होता है, वह है :

(A) शक्ति पृथक्करण का सिद्धांत
(B) न्यायिक संयम
(C) विधायी सर्वोच्चता
(D) उपरोक्त सभी

59. In Olga Tellis Vs Union of India the Supreme Court of India through Judicial activism held that: Right to life includes also :

(A) Right to livelihood
(B) Right to shelter
(C) Both (A) and (B)
(D) Right to travel abroad

59. 'न्यायिक सक्रियतावाद' का प्रदर्शन करते हुए उच्चतम न्यायालय ने ऑलग टेलिस बनाम भारत संघ, वाद में निर्णीत किया कि जीवन के अधिकार के अन्तर्गत सम्मिलित है :

(A) जीविकोपार्जन का अधिकार
(B) आश्रय पाने का अधिकार
(C) (A) और (B) दोनों
(D) विदेश भ्रमण करने का अधिकार

60. Which among the following is <u>not</u> the case decided on basis of Judicial activism by supreme court?

(A) Maneka Gandhi Vs Union of India
(B) Visakha Vs State of Rajasthan
(C) Supreme court – Advocate on Record Vs Union of India
(D) Kesavanand Bharti Vs State of Kerala

60. निम्न में कौन सा वाद उच्चतम न्यायालय ने न्यायिक सक्रियतावाद के अन्तर्गत निर्णीत <u>नहीं</u> किया ?

(A) मेनका गाँधी बनाम भारत संघ
(B) विशाखा बनाम राजस्थान राज्य
(C) सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट ऑन रिकार्ड बनाम भारत संघ
(D) केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य

61. The Non voluntary organization which fought for sexual autonomy rights and dignity of Homo sexual community and was successful in decriminalizing sexual activities (Consensual) of two adults of same sex carried in private is :

(A) Naz foundation of Delhi
(B) Peoples Union for Civil Liberties
(C) Peoples Union for small causes
(D) All the above

61. वह गैर सरकारी संगठन जिसने समलैंगिकों के लैंगिक स्वतंत्रता तथा गरिमा के लिए संघर्ष कर, दो वयस्कों के मध्य सहमति आधारित लैंगिक संपर्क जो प्राइवेट स्थान में किया गया हो को सफलतापूर्वक गैर अपराधिक न्यायालय द्वारा घोषित करवाया वह है :

(A) दिल्ली का नाज फाउन्डेशन
(B) पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज
(C) पीपुल्स यूनियन फॉर स्माल कॉजेज
(D) उपरोक्त सभी

62. Which of the following statement is incorrect with regard to Refugees ?

(A) They are outside their country

(B) Face fear of persecution

(C) Absence of National Protection

(D) Poverty being the reason that they remain outside their country

62. शरणार्थियों के संदर्भ में कौन सा निम्न कथन असत्य है ?

(A) वे अपने देश के बाहर होते हैं

(B) प्रताड़ना के कार्य से ग्रसित रहते हैं

(C) राष्ट्रीय संरक्षण उन्हें प्राप्त नहीं होता है

(D) निर्धनता के कारण वे अपने देश से बाहर होते हैं

63. Convention relating to the status of Refugees of 1951 was adopted after consideration of the :

(A) Charter of the United Nations

(B) Universal Declaration of Human Right

(C) Both (A) and (B)

(D) Plight of Refugees

63. शरणार्थियों की प्रास्थिति से संबंधित 1951 का अभिसमय अंगीकृत किया था निम्न में से किनको संज्ञान में रखते हुए :

(A) संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर को

(B) मानव अधिकार की सार्वभौमिक घोषणा का

(C) (A) और (B) दोनों

(D) शरणार्थियों की बद्स्थिति को देखकर

64. Which among the following is not the main provision of the convention of Refugees of 1951 for :

(A) Personal status of Refugees

(B) Civil Rights

(C) Political Rights

(D) Illegal entry of Refugees

64. शरणार्थियों की स्थिति से संबंधित अभिसमय, 1951, के कौन निम्न से मुख्य प्रावधान नहीं हैः

(A) शरणार्थियों की व्यक्तिगत प्रास्थिति

(B) सिविल अधिकार

(C) राजनैतिक अधिकार

(D) शरणार्थियों का गैरविधिक प्रवेश

65. National Human Rights Commission Vs State of Arunachal Pradesh is a leading case decided by Supreme court related to lins with respect to :

(A) Rights of Chakma Refugees in Arunachal Pradesh
(B) Chakma Refugees to be evicted of only by process of law and not by force
(C) Article 14 and Article 21 gurantee is also available to them
(D) All the above are true

66. When a person does not possess the nationality of any Nation, knowingly or unknowing he is called :

(A) Disabled person
(B) Stateless person
(C) Refugee
(D) None of the above

67. N.G.O.'s help the refugees by :

(A) Providing them financial help
(B) Fighting for their basic human rights and dignity in courts
(C) Educating them about their legal rights and arranging for their psychological counselling
(D) By all the above ways

65. नेशनल ह्यूमन राईट्स कमीशन बनाम अरूणाचल प्रदेश राज्य जो कि उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्णीत मार्गदर्शक वाद है : जिसमें बताये गये दिशानिर्देश संबंधित थे :

(A) अरूणाचल प्रदेश के चकमा शरणार्थियों के अधिकार
(B) चकमा शरणार्थियों को केवल विधिक प्रक्रिया द्वारा निष्कासित किया जा सकता है न कि बलातपूर्वक
(C) अनुच्छेद 14 एवं अनुच्छेद 21 की गारंटी चकमा लोगों को प्राप्त होगी
(D) उपरोक्त सभी सही हैं

66. जब किसी व्यक्ति के पास किसी राष्ट्र की राष्ट्रीयता ज्ञान या अज्ञानवश नहीं रहता है तब उसे कहते हैं :

(A) निर्योग्य व्यक्ति
(B) राज्यविहीन व्यक्ति
(C) शरणार्थी
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

67. गैर सरकारी संगठन शरणार्थियों की सहायता करते हैं :

(A) उनको आर्थिक मदद देकर
(B) उनके मूल अधिकारों तथा गरिमा के लिए न्यायालय में कार्यवाही करते हैं
(C) उनको विधिक अधिकारों के बारे में शिक्षित करते हैं तथा मनोवैज्ञानिक परामर्श की व्यवस्था करते हैं
(D) उपरोक्त सभी तरीकों द्वारा

68. The National Commission for Minorities was established on :

(A) 17 May 1993

(B) 20 May 1993

(C) 17 May 1992

(D) 20 May 1992

68. राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग स्थापित हुआ था :

(A) 17 मई 1993

(B) 20 मई 1993

(C) 17 मई 1992

(D) 20 मई 1992

69. As per Section 2 (C) of the National Minority Commission 1992 which among the following pair is not a notified minority ?

(A) Christians and Sikhs

(B) Vaishya and Brahmins

(C) Buddhists and Muslims

(D) Parsees and Jains

69. राष्ट्रीय अल्संख्यक आयोग, 1992 की धारा 2 (C) के अन्तर्गत निम्न में से कौन सा युग्म 'अल्पसंख्यक' नहीं घोषित किया गया है :

(A) ईसाई और सिख

(B) वैश्य एवं ब्राह्मण

(C) बौद्ध एवं मुसलमान

(D) पारसी एवं जैन

70. Choose the best option. A person who is appointed as chairman of either National Human Rights Commission or State Human Right Commission hold office for a term of :

(A) 5 years or upto the age of 70 years which ever is earlier

(B) 5 years or upto age of 65 years which ever is earlier

(C) 5 years

(D) 3 years

70. सर्वोत्तम विकल्प का चयन करें। एक व्यक्ति जो राष्ट्रीय अथवा राज्य मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष नियुक्त होता है अपना पद धारित करता है :

(A) 5 वर्ष तक या 70 वर्ष की आयु तक जो भी पहले हो

(B) 5 वर्ष तक या 65 वर्ष की आयु तक जो भी पहले हो

(C) 5 वर्ष तक

(D) 3 वर्ष तक

71. The National commission for Safai Karamcharis at present is a :

(A) Permanent Statutory Body
(B) Temporary Non-Statutory Body
(C) Temporary Statutory Body
(D) Permanent Non-Statutory Body

71. वर्तमान में राष्ट्रीय सफाई–कर्मचारी आयोग है एक :

(A) स्थायी सांविधिक संस्था
(B) अस्थायी गैर–सांविधिक संस्था
(C) अस्थायी सांविधिक संस्था
(D) स्थायी गैर–सांविधिक संस्था

72. Pick the right option. The National Commission for Safai Karamcharies :

(A) Investigates the conditions of Safai Karamcharis in India
(B) Makes recommendation to the government of India to improve their plight
(C) Perform functions both (A) and (B)
(D) None of the above is correct

72. सही विकल्प का चयन करें। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग :

(A) भारत में सफाई कर्मचारियों की दशा का अन्वेषण करता है
(B) सफाई कर्मचारियों की दशा को सुधारने के लिए भारत सरकार को संस्तुतियाँ करता है
(C) (A) और (B) दोनों कार्य करता है
(D) उपरोक्त में कोई सही नहीं है

73. The National Commission for Women in India is a :

(A) Statutory body
(B) Non-Statutory body
(C) Statutory body of the government of India
(D) Non-Statutory body of the government of India

73. भारत में राष्ट्रीय महिला आयोग है :

(A) एक संविधिक निकाय
(B) गैर–संविधिक निकाय
(C) भारत सरकार का एक संविधिक निकाय
(D) भारत सरकार का गैर–संविधिक निकाय

74. The present chairman of National Commission for Women in India is :

(A) Rekha Sharma

(B) Rekha Shukla

(C) Lalita Kumar Mangalam

(D) Jayanti Natrajan

74. भारत में वर्तमान राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा हैं :

(A) रेखा शर्मा

(B) रेखा शुक्ला

(C) ललिता कुमार मंगलम

(D) जयंती नटराजन

75. Which among the following is not function of National Commission for Women ?

(A) To review the constitutional and legal safeguards for women

(B) Advise the central government on all matters of Policy affecting Women

(C) To carry out-census of Women in India

(D) Recommend remedial legislative measures to improve women's participation in various spheres

75. निम्न में से कौन राष्ट्रीय महिला आयोग का कार्य नहीं है :

(A) महिलाओं के लिए संवैधानिक तथा वैधानिक सुरक्षा उपायों की समीक्षा करना

(B) केन्द्रीय सरकार को महिला संबंधी विषयों पर नीतिगत सलाह देना

(C) भारत में महिलाओं की जनगणना कराना

(D) विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की प्रतिभागिता बढ़ाने हेतु उपचारात्मक विधिक अनुशंसाएं करना

76. In India, 'The National Commission for Backward classes" is a :

(A) Statutory Body

(B) Constitutional Body

(C) Both Statutory and Constitutional Body

(D) None of the above

76. भारत में 'राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग है ' एकः

(A) संविधिक संस्था

(B) संवैधानिक संस्था

(C) दोनों संविधिक तथा संवैधानिक संस्था

(D) उपरोक्त में कोई नहीं

77. By which constitutional Amendment Act the National Commission for Backward classes was made a constitutional Body :

(A) 100th
(B) 102nd
(C) 99th
(D) 104th

78. The National Commission for Backward classes comes under the ministry of :

(A) Social Justice and Empowerment
(B) Law
(C) Under Both (A) and (B)
(D) Health

79. The National Backward class commission main functions are :

(A) Examine requests for inclusion of any class of citizens as a backward class
(B) Hear complaints of over and under inclusion of any Back class in the list made
(C) Both (A) and (B) are correct
(D) Either (A) or (B)

80. The National Commission for Back classes is a constitutional Body under Article :

(A) 338 A
(B) 338 B
(C) 337 A
(D) 337 B

77. किस संविधान संशोधन द्वारा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक संस्था बना दिया गया :

(A) 100वें
(B) 102वें
(C) 99वें
(D) 104वें

78. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग आता है जिस मंत्रालय के अंतर्गत, वह है :

(A) सामाजिक न्याय तथा अधिकारता
(B) विधि
(C) (A) और (B) दोनों में
(D) स्वास्थ्य

79. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के मुख्य कार्य है :

(A) नागरिकों के किसी वर्ग के निवेदन जो उनको पिछड़ा वर्ग सूची में सम्मिलित करने से हो को परखना
(B) किसी पिछड़ा वर्ग के सूची अधिसम्मिलन तथा अल्पसम्मिलन
(C) दोनों (A) और (B) सही है
(D) या तो (A) अथवा (B)

80. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग संविधान के किस अनुच्छेद द्वारा संवैधानिक संस्था बनाया गया है:

(A) अनुच्छेद 338 A
(B) अनुच्छेद 338 B
(C) अनुच्छेद 337 A
(D) अनुच्छेद 337 B

81. Article 338 of the Indian Constitution deals with :
(A) National Commission for Scheduled Tribes
(B) National Commission for scheduled castes
(C) National Commission for Backward classes
(D) National Commission for economically weaker sections

81. संविधान का अनुच्छेद 338 संबंधित है :
(A) राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग से
(B) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग से
(C) राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग से
(D) राष्ट्रीय आर्थिक विपन्न वर्ग आयोग से

82. The National Commission for scheduled tribes has been constitutionally provided under Article :
(A) 338 A of the constitution
(B) 338 B of the constitution
(C) 340 of the constitution
(D) None of the above

82. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, संवैधानिक रूप से किस अनुच्छेद के अन्तर्गत प्रावधानित है
(A) अनुच्छेद 338 A में
(B) अनुच्छेद 338 B में
(C) अनुच्छेद 340 में
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

83. The exploitation of Anglo-Indian Commissions is Safe-guarded by which of the following constitutional Body :
(A) National Commission for Scheduled Castes
(B) National Commission for Scheduled Tribes
(C) Both (A) and (B)
(D) National Commission for Backward classes

83. कौन सी संवैधानिक संस्था ऐंग्लो इंडियन समुदाय को शोषण के वरूिद्ध सुरक्षा प्रदान करती है ?
(A) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग
(B) राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
(C) (A) और (B) दोनों
(D) राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग

84. Who is the chairman of the committee which recommends the chairman and members of National Human Rights Commission to the President of India ?
(A) Law Minister
(B) Prime Minister
(C) Home Minister
(D) Vice President

85. NHRC is a :
(A) Quasi- Judicial Body
(B) Judicial Body
(C) Executive Body
(D) Legal Body

86. The Universal Declaration of Human Rights may not be a legally binding document but it shows how India understood the nature of human rights at the time the constitution was adopted. This was observed by supreme court in:
(A) Keshavanand Bharti case
(B) Chairman Railway Board Vs Chandrima Das case
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

87. Right to life and personal liberty guaranteed as a fundament right in Article 21 of the constitution is contained in which of the following Articles of Universal Declaration of Human Rights ?
(A) Article 7
(B) Article 9
(C) Article 8
(D) Article 10

84. उस समिति का अध्यक्ष कौन होता है जो राष्ट्रीय मानव अधिकार के अध्यक्ष और सदस्यों के नामों की अनुशंसा भारत के राष्ट्रपति को करता है ?
(A) विधि मंत्री
(B) प्रधानमंत्री
(C) गृह मंत्री
(D) उप–राष्ट्रपति

85. एन० एच० आर० सी० (NHRC) है एक :
(A) अर्ध–न्यायिका निकाय
(B) विधिक निकाय
(C) कार्यपालक निकाय
(D) विधिक निकाय

86. मानव अधिकारों को सार्वभौमिक घोषणा भले ही विधितः बाध्यकारी दस्तावेज न हो परन्तु यह प्रदर्शित करता है कि संविधान को अंगीकृत करते समय कैसे भारत ने मानव अधिकारों की प्रकृति को समझा।" उच्चतम न्यायालय ने यह कथन व्यक्त किया था :
(A) केशवानंद भारती वाद में
(B) चेयरमैन रेलवे बोर्ड बनाम चंद्रिमा दास वाद में
(C) (A) और (B) दोनों में
(D) उपरोक्त किसी में नहीं

87. संविधान के अनुच्छेद 21 के अन्तर्गत प्रत्याभूत प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता का मूलभूत अधिकार सार्वभौमिक मानव अधिकार घोषणा दस्तावेज के किस अनुच्छेद में वर्णित है :
(A) अनुच्छेद 7
(B) अनुच्छेद 9
(C) अनुच्छेद 8
(D) अनुच्छेद 10

88. The Economic, social and cultural rights contained in the Universal Declaration in of Human Rights, 1948 are included in the Indian constitution by name of :

(A) Fundamental Rights

(B) Fundamental Duties

(C) Directive principles of State Policy

(D) None of the above

89. India is signatory to :

(A) Universal Declaration of Human Rights

(B) International covenant of on Civil and Political liberties

(C) International Covenant on Economic, Social and cultural rights

(D) On all the above

90. India adopted Universal Declaration of Human Rights on :

(A) 01 January 1941

(B) 01 January 1942

(C) 10 January 1941

(D) 10 January 1942

91. Which among the following is <u>not</u> Economic, social and cultural right as international Covenant ICESC ?

(A) Rights of social security

(B) Right to work and employment

(C) Right to participate in Public matters

(D) Right to education

88. मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा, 1948 के अन्तर्गत सम्मिलित आर्थिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक अधिकारों को भारतीय संविधान में जिस नाम को सम्मिलित किया गया है, वह है:

(A) मूलभूत अधिकारों के रूप में

(B) मूलभूत कर्त्तव्यों के रूप में

(C) राज्य के नीति निदेशक तत्वों के रूप में

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

89. भारत ने हस्ताक्षर किये हैं :

(A) मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा पर

(B) सिविल तथा राजनैतिक अधिकारों की अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा पर

(C) आर्थिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक अधिकारों की अन्तर्राष्ट्रीय प्रसंविदा पर

(D) उपरोक्त सभी पर

90. भारत ने मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया गया था :

(A) 01 जनवरी 1941 को

(B) 01 जनवरी 1942 को

(C) 10 जनवरी 1941 में

(D) 10 जनवरी 1942 में

91. निम्न में से कौन अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा आई० सी० ई० एस० सी० ( ICESC) के अंतर्गत आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक अधिकार <u>नहीं</u> है ?

(A) सामाजिक सुरक्षा संबंधी अधिकार

(B) कार्य करने और नियोजन का अधिकार

(C) लोक मामलों में भाग लेने का अधिकार

(D) शिक्षा का अधिकार

92. The principle of "Live and Let Live' and "Vasudhaiv Kutumbkam" can be said to govern the philosophy of :

(A) Legal Rights
(B) Human Rights
(C) Natural Rights
(D) Both (B) and (C)

93. Promoting and encouraging respect for human rights and for fundamental freedoms for all without distinction as to race, sex, language or religion." These lines appear in which article of the U.N. charter ?

(A) Article 3
(B) Article 2
(C) Article 1
(D) Article 6

94. "Commission on Human Rights" is governed by which Organ of the United Nations Organization :

(A) Economic and Social council
(B) General Assembly
(C) Security Council
(D) International Court of Justice

95. The Two International Covenants on Human Right are basically :

(A) Multilateral Treaties
(B) Bilateral Treaties
(C) Unilateral Treaties
(D) None of the above

96. According to Universal Declaration of Human 1948, the kinds of Humans rights that exists are in totality of :

(A) Five kinds
(B) Three kinds
(C) Seven kinds
(D) Unlimited kinds

92. 'जियो और जीने दो' तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम' के दो सिद्धांत में जिन अधिकारों का दर्शन हैं, वे है :

(A) विधिक अधिकार
(B) मानव अधिकार
(C) नैसर्गिक अधिकार
(D) (B) और (C) दोनों

93. "मूलवंश, लिंग, भाषा या धर्म के आधार पर विभेद किये बिना सभी के लिए मानव अधिकारों और मूल स्वतंत्रताओं के प्रति सम्मान की अभिवृद्धि और प्रोत्साहन करना"। यह पंक्तियाँ संयुक्त राष्ट्र चार्टर के किस अनुच्छेद में हैं?

(A) अनुच्छेद 3
(B) अनुच्छेद 2
(C) अनुच्छेद 1
(D) अनुच्छेद 6

94. 'मानवाधिकार कमीशन' संयुक्त राष्ट्र संगठन के किस अंग द्वारा अधिशासित होता है ?

(A) आर्थिक एवं सामाजिक परिषद् द्वारा
(B) महासभा द्वारा
(C) सुरक्षा परिषद् द्वारा
(D) अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा

95. मानवाधिकारों पर दो अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविधाएं मूलतः है :

(A) बहुपक्षीय संधियाँ
(B) द्विपक्षीय संधियाँ
(C) एकपक्षीय संधियाँ
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

96. मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा 1948 के अनुसार संपूर्णतः में मानव अधिकारों के प्रकार है :

(A) पाँच प्रकार
(B) तीन प्रकार
(C) सात प्रकार
(D) असीमित प्रकार

97. Who among the following do not constitute 'Vulnerable Group of Person' ?
(A) Children and Women
(B) Disabled and Age Persons
(C) Workers in foreign countries
(D) Heads of state of various nations

97. निम्न में से कौन 'दुर्बल समूह के व्यक्तियों' का गठन नहीं करते ?
(A) बच्चें एवं महिलाएं
(B) निर्योग्य एवं वृद्ध व्यक्ति
(C) विदेशों में कार्य करने वाले श्रमिक
(D) विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष

98. The Universal Declaration of Human Rights 1948 was adopted at :
(A) San Francisco
(B) New York City
(C) Paris
(D) Zurich

98. मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा, 1948 को जिस स्थान पर स्वीकार किया गया था, वह है :
(A) सेन्फाँससिको में
(B) न्यूयार्क शहर में
(C) पेरिस में
(D) ज्यूरिक में

99. Who is at present chairman of National Human Rights Commission ?
(A) Justice Arun Kumar Mishra
(B) Justice Rajendra Babu
(C) Justice Deepak Mishra
(D) None of the above

99. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के वतर्मान अध्यक्ष है :
(A) जस्टिस अरूण कुमार मिश्रा
(B) जस्टिस राजेन्द्र बाबू
(C) जस्टिस दीपक मिश्रा
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

100. Right to speedy Trial, Ban on smoking in Public places so as to negative passive smoking, Right to sustain, able development, Granting compensation to victims of constitutional tort are some of the manifestion of creative and out of box approach of supreme court by process of :
(A) Judicial Activism
(B) PIL
(C) Through both (A) and (B)
(D) Curative writ petition

100. त्वरित विचारण का अधिकार, लोक स्थान पर धूम्रपान पर प्रतिबंध ताकि निष्क्रिय धूम्रपान न फैले, सतत् दूरगामी, विकास का अधिकार, संवैधानिक अपकृत्य के पीड़ितों को प्रतिकार देना, कुछ झलके हैं : जो उच्चतम न्यायालय के संज्ञानात्मक एवं लीक से हटकर अपनाये गये रवैये से उभरी है, जिसका माध्यम है :
(A) न्यायिक सक्रियतावाद
(B) पी० आई० एल०
(C) (A) और (B) दोनों के द्वारा
(D) उपचारात्मक रिट याचिका द्वारा

******

**<u>DO NOT OPEN THE QUESTION BOOKLET UNTIL ASKED TO DO SO</u>**

1. Examinee should enter his / her roll number, subject and Question Booklet Series correctly in the O.M.R. sheet, the examinee will be responsible for the error he / she has made.
2. **This Question Booklet contains 100 questions, out of which only 75 Question are to be Answered by the examinee. Every question has 4 options and only one of them is correct. The answer which seems correct to you, darken that option number in your Answer Booklet <u>(O.M.R ANSWER SHEET)</u> completely with black or blue ball point pen. If any examinee will mark more than one answer of a particular question, then the answer will be marked as wrong.**
3. Every question has same marks. Every question you attempt correctly, marks will be given according to that.
4. Every answer should be marked only on Answer Booklet **<u>(O.M.R ANSWER SHEET)</u>.**Answer marked anywhere else other than the determined place will not be considered valid.
5. Please read all the instructions carefully before attempting anything on Answer Booklet**(O.M.R ANSWER SHEET).**
6. After completion of examination, please hand over the **<u>O.M.R. SHEET</u>** to the Examiner before leaving the examination room.
7. There is no negative marking.

**Note:** On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly in case there is an issue please ask the examiner to change the booklet of same series and get another one.